01. लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक— दो हजार पच्चीस विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। चर्चा के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित।

02. भाजपा और कांग्रेस ने पार्टी के सभी सांसदों को कल लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया।

03. प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू। किसानों को दो हजार चार सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य।

04. और, लोक आस्था का महापर्व चैती छठ आज नहाय खाय के साथ शुरू। कल होगा खरना का अनुष्ठान।

---

लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संसद भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधेयक पर चर्चा के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित किया गया है। श्री रिजिजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है।

———बाइट———

कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमन ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और इसे जल्दबाजी में पारित नहीं किया जाना चाहिए।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कांग्रेस द्वारा वक्फ बिल के विरोध की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मुसलमानों की भलाई के लिए कई काम किये हैं।

———बाइट———

इस बीच, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल असंवैधानिक है और उनकी पार्टी इसका विरोध करती है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी वक्फ बिल का समर्थन करती है। श्री मांझी ने कहा कि यह बिल अल्पसंख्यकों के हित में है।

---बाइट---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार ने पूरी प्रक्रिया का पालन किया है। उनकी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। यदि कोई सुझाव हुआ, तो संसद में चर्चा के दौरान उसे रखा जाएगा।

---बाइट---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बिल के स्वरूप को देखने के बाद उनकी पार्टी अंतिम रूप से कोई फैसला करेगी।

---बाइट---

---

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने` पार्टी के सभी सांसदों को कल लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। लोकसभा में पेश हो रहे वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर दोनों पार्टियों ने व्हिप जारी किया है।

---

नए वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस-छब्बीस की आज शुरूआत होने के साथ ही कई महत्वपूर्ण बदलाव प्रभावी हो गये हैं। एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

बजट की घोषणा के अनुरूप आज से नया इनकम टैक्स स्लैब लागू हो गया है। इसके तहत बारह लाख रूपये तक की सालाना आमदनी वाले लोगों को किसी प्रकार का आयकर नहीं देना होगा। केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना-यूपीएस आज से लागू हो गयी है। यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक समेत कई बैंकों ने बचत खाता में न्यूनतम राशि रखने संबंधी नियमों में बदलाव किया है। यदि ग्राहक के बैंक खाते में तय न्यूनतम राशि नहीं रहती है, तो उन पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम, एनपीसीआई के एक फैसले के अनुसार आज से उन लोगों का यूपीआई काम नहीं करेगा, जिनका मोबाईल नम्बर लंबे समय से निष्क्रिय है या इस्तेमाल में नहीं है। आज से जीएसटी से संबंधी भी कुछ नए नियम प्रभावी हो गये हैं। अब करदाताओं की सुरक्षा के लिए जीएसटी पोर्टल पर मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन उपलब्ध हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नये वित्तीय वर्ष के लिए टोल टैक्स की दरें पांच से दस रूपये तक बढ़ायी है। बिहार में उनतालीस टोल टैक्स पर नई दरें प्रभावी हो गयी हैं। समाचार कक्ष से मैं शरफुल होदा।

---

प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने गया प्रखंड के चंदौती के चूरी पैक्स से गेहूं खरीद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने कहा कि इस वर्ष रबी मौसम में किसानों से दो लाख मीट्रिक टन गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। यह राशि पिछले वर्ष की तुलना में एक सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। गेहूं खरीद के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों को राशि भुगतान कर दिया जायेगा।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत में ज्ञान की संस्कृति को पुनर्स्थापित करना होगा। श्री खां रोहतास के बिक्रमगंज में भारतीय नव वर्ष महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

---

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ आज नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि नहाय–खाय को लेकर गंगा समेत प्रदेश के सभी प्रमुख नदी घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। छठ व्रतियों ने आज अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। कल खरना का अनुष्ठान होगा। चार दिवसीय छठ पर्व चार अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हो जायेगा। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि देव सूर्य मंदिर में चैती छठ पूजा को लेकर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही आज से चार दिवसीय छठ मेला भी शुरू हो गया है।

–––म्यूजिक–––

---

चैती नवरात्र के आज तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

---

आकाशवाणी पटना के उप निदेशक, अभियंत्रण आर.के. मिश्रा और वरिष्ठ इंजीनियरिंग सहायक के. के. गुप्ता सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में

विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आकाशवाणी केंद्र प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाइट———

---

कैमूर जिले के मोहनिया थाना में पदस्थापित दारोगा प्रभात कुमार और गृह रक्षा वाहिनी के दो जवानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन सभी पर एक वाहन चालक की पिटाई करने का आरोप है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. लोकसभा में कल वक्फ संशोधन विधेयक– दो हजार पच्चीस विचार और पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। चर्चा के लिए आठ घंटे का समय निर्धारित।

02. भाजपा और कांग्रेस ने पार्टी के सभी सांसदों को कल लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया।

03. प्रदेश में आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू। किसानों को दो हजार चार सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य।

04. और, लोक आस्था का महापर्व चैती छठ आज नहाय खाय के साथ शुरू। कल होगा खरना का अनुष्ठान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।